कक्षा 7
विषय हिंदी
पाठ 1 -हम पंछी उन्मुक्त गगन के

अतिरिक्त प्रश्न

हम पंछी उन्मुक्त गगन के
पिंजरबद्ध न गा पाएँगे,
कनक-तीलियों से टकराकर
पुलकित पंख टूट जाऍंगे।

हम बहता जल पीनेवाले
मर जाएँगे भूखे-प्यासे,
कहीं भली है कटुक निबोरी
कनक-कटोरी की मैदा से,
उपरोक्त पद्यांश को पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए
प्रश्न 1-प्रस्तुत पद्यांश के कवि का नाम लिखिए।
प्रश्न 2 प्रस्तुत पद्यांश की कविता का नाम लिखिए।
प्रश्न 3 पंछियों को कनक कटोरी की मैदा से भला क्या लगता है?
प्रश्न 4 कटुक निबोरी का क्या अर्थ है?
प्रश्न 5 दिन से टकराकर पंछियों के पुलकित पंख टूट जाएंगे?

संक्षिप्त प्रश्न उत्तर
प्रश्न-1 हम पंछी उन्मुक्त गगन के पाठ के रचयिता कौन हैं?
उत्तर- हम पंछी उन्मुक्त गगन के पाठ के रचयिता शिवमंगल सिंह 'सुमन' हैं।

प्रश्न-2 पंछी अपना मधुर गीत कब नहीं गए पाएँगें?
उत्तर- पंछी अपना मधुर गीत पिंजरे में बंद होकर नहीं गए पाएँगें।

प्रश्न-3 पंछी कहाँ का जल पीना पसंद करते हैं?
उत्तर - पंछी नदी और झरनों का बहता जल पीना पसंद करते हैं।

प्रश्न-4 पंछियों के लिए पिंजरे में रखे मैदा से बेहतर क्या है?
उत्तर - पंछियों के लिए पिंजरे में रखे मैदा से बेहतर नीम का फल है।

प्रश्न-5 पंछियों के अरमान क्या थे?

उत्तर - पंछियों के आकाश की सीमा तक उड़ने के अरमान थे।

प्रश्न-6 पंछी कैसा जीवन चाहते हैं?

उत्तर - पंछी एक स्वतंत्र जीवन चाहते हैं।

प्रश्न-7 पंछी क्या खाते पीते हैं?

उत्तर - पंछी बहता हुआ जल पीते हैं और पेड़ पे लगे हुए फल खाते हैं।

प्रश्न-8 पिंजरे में पंख फ़ैलाने पर पंछियों की क्या दशा होगी?

उत्तर - पिंजरे में पंख फ़ैलाने पर पंछियों के पंख पिंजरे के सलाखों से टकराकर टूट जायेंगें।

प्रश्न-9 पिंजरे में पंछी क्या-क्या नहीं कर सकते?